Under CSR Support by Ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 1 | दो बैलों की कथा

**QUIZ PART-01**

1. **जानवरों में सबसे ज़्यादा बुद्धिहीन किसे माना जाता है?**
   A. कुत्ता
   B. बिल्ली
   C. गधा
   D. बंदर (C)

*व्याख्या :* गधे को समाज में सबसे बुद्धिहीन जानवर माना जाता है।

2. **गधे को 'बेवकूफ़' कहे जाने का संभावित कारण क्या बताया गया है?**
   A. उसका आलस्य
   B. उसका खतरनाक होना
   C. उसका सीधापन और सहनशीलता
   D. उसका तेज़ न दौड़ पाना (C)

*व्याख्या :* गधे की सहनशीलता और सीधापन ही उसे 'बेवकूफ़' कहे जाने का कारण बताया गया है।

3. **गधे के चेहरे पर हमेशा क्या छाया रहता है?**
   A. उल्लास
   B. भय
   C. विषाद
   D. गुस्सा (C)

*व्याख्या :* गधे के चेहरे पर स्थायी रूप से विषाद (उदासी) छाया रहता है।

4. **किस जानवर को कभी-कभी अकड़ दिखाने वाला माना गया है?**
   A. गधा
   B. बैल
   C. कुत्ता
   D. गाय (B)

*व्याख्या :* बैल कभी-कभी मारता है और अकड़ भी दिखाता है।

5. **गधे की तुलना में बैल का स्थान कैसा बताया गया है?**
   A. गधे से ऊँचा
   B. गधे से नीचा
   C. गधे के बराबर
   D. गधे से श्रेष्ठ (B)

*व्याख्या :* बैल असंतोष प्रकट करता है, इसलिए उसका स्थान गधे से नीचा बताया गया है।

6. **भारतवासियों को अमेरिका में क्यों नहीं घुसने दिया जाता, यह कारण किस रूप में प्रस्तुत किया गया है?**
   A. शराब पीने के कारण
   B. मेहनत न करने के कारण
   C. अत्यधिक सीधापन और सहनशीलता के कारण
   D. लड़ाई-झगड़े करने के कारण (C)

*व्याख्या :* भारतवासियों के सीधेपन और सहिष्णुता को ही उनकी दुर्दशा का कारण बताया गया।

7. **लेखक के अनुसार, 'सभ्य' कहलाने के लिए क्या आवश्यक है?**
   A. शांति से रहना
   B. दूसरों की मदद करना
   C. ईंट का जवाब पत्थर से देना
   D. गधा और बैल बन जाना (C)

*व्याख्या :* सभ्य कहलाने के लिए ईंट का जवाब पत्थर से देना आवश्यक माना गया है।

8. **जापान को सभ्य जातियों में गण्य क्यों बताया गया है?**
   A. संयम रखने के कारण
   B. युद्ध में विजय पाने के कारण
   C. पशुपालन करने के कारण
   D. सहिष्णुता दिखाने के कारण (B)

*व्याख्या :* एक विजय ने जापान को सभ्य जातियों में गण्य बना दिया।

9. **गधे का कौन-सा गुण ऋषियों-मुनियों के गुणों से तुलना किया गया है?**
   A. गुस्सा B. विषाद
   C. सहिष्णुता D. अकड़ (C)

*व्याख्या :* गधे की सहिष्णुता को ऋषियों-मुनियों के गुणों से तुलना की गई है।

10. **"बछिछया के ताऊ" कहावत किसके संदर्भ में प्रयुक्त की जाती है?**
    A. गधे के लिए
    B. गाय के लिए
    C. बैल के लिए
    D. कुत्ते के लिए (C)

*व्याख्या :* "बछिछया के ताऊ" कहावत बैल के लिए प्रयोग होती है।